CBSE Class 12 Shorthand (Hindi) 2010 - Set 200

Question Paper

Conducted by the Central Board of Secondary Education (CBSE)

Time Allowed: 3 Hours **Maximum Marks: 30**

General Instructions

(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

Questions

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त उदाहरण देते हुए लगभग 10-10 शब्दों में दीजिए :

(क) व या य हुक का प्रयोग सीधी रेखाओं के साथ किया जाता है या वक्र रेखाओं के साथ ?

(ख) वक्र रेखाओं में ल हुक कैसे लगाते हैं ?

(ग) किसी व्यंजन में तर या दर का योग करने के लिए क्या कर सकते हैं ?

(घ) शन, षण या सन के लिए हुक प्रारंभ में लगाया जाता है या अंत में ?

(ङ) ज्ञान को आशुलिपि में लिखिए ।

(च) हुक फ सरल रेखाओं में किस रुख/मोशन से लगता है ?

2. अर्धवृत्त व के प्रयोग उदाहरण-सहित स्पष्ट करते हुए यह बताइए कि आरंभ में स्वर आने पर इसका प्रयोग क्यों नहीं किया जाता ।

3. क रेखा में ल के हुक को बड़ा करने पर किस व्यंजन का योग होता है ? दो उदाहरण दीजिए ।

4. दुगुनी रेखाओं के अंत में हुक लगने पर तर, दर आदि की ध्वनि अंत में पढ़ी जाती है या हुक से पहले ? दो उदाहरण देकर बताइए ।

5. द्विगुण सिद्धान्त का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित को आशुलिपि में लिखिए :

(i) लंगर

(ii) निरंकार

(iii) आडंबर

(iv) सम्पर्क

6. आधी की जाने वाली रेखाओं के स्थान किस प्रकार निर्धारित किए जाते हैं ? उदाहरण-सहित स्पष्ट कीजिए ।

7. उपसर्ग किसे कहते हैं ? उपसर्ग के रूप में स तथा अ जोड़कर दो-दो शब्द व उनके आशुलिपि प्रारूप लिखिए ।

OR

7. (क) दो उदाहरण देते हुए बताइए कि अधोमुखी (नीचे का) ह कब लिखा जाता है । उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए ।

(ख) यदि ल के पूर्व कोई स्वर हो तथा पड़ी, सीधी या वक्र रेखा से जुड़ा हो तो नीचे का ल लिखेंगे या ऊपर का ? उदाहरण देकर बताइए ।

8. निम्नलिखित संख्याओं को आशुलिपि में लिखिए :

(i) दस लाख

(ii) पच्चीस हजार

(iii) पाँच करोड़

(iv) आठ अरब

9(क). निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए :

(i) टूट-फूट

(ii) अदला-बदली

(iii) सलाह-मशविरा

(iv) शिक्षा-दीक्षा

9(ख). निम्नलिखित विलोम शब्दों को आशुलिपि में लिखिए :

(i) गुण-अवगुण

(ii) सुख-दुःख

(iii) उचित-अनुचित

(iv) स्पष्ट-अस्पष्ट

9(ग). निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए :

(i) योग्य से योग्य

(ii) अच्छे से अच्छा

(iii) सुन्दर से सुन्दर

(iv) जल्दी से जल्दी

10. निम्नलिखित को आशुलिपि में लिखिए :

(i) उच्चतम न्यायालय

(ii) तर्कसंगत विधि और व्यवस्था

(iii) अब वक्त आ गया है

(iv) अफ़सोस इस बात का है कि

(v) उपनिवेशवाद

(vi) हिमाचल प्रदेश

- End of Question Paper -